भागलपुर की सड़क परियोजनाओं को मिली रफ्तार, मंत्री इं. शैलेंद्र ने दिए चौड़ीकरण के निर्देश

राजकिशोर साह/भागलपुर ब्यूरो

दैनिक हर्ष उजाला: राज्य के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र ने शनिवार को पटना स्थित अपने कार्यालय में विभागीय सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में चल रही सड़क एवं आधारभूत संरचना योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक के दौरान भागलपुर जिले की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मंत्री ने सोनबरसा दुमुही चौक से एनएच-31 तक सड़क के चौड़ीकरण तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, खरीक से भवनपुरा तक सड़क को न्यूनतम दो लेन में विकसित करने की प्रक्रिया तेज करने का आदेश दिया।समीक्षा के दौरान विलंबित योजनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने संबंधित संवेदकों को नोटिस जारी कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही तय समय पर कार्य पूरा नहीं करने वाले संवेदकों के विरुद्ध डिबार की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।मंत्री ने भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृति, यूटिलिटी शिफ्टिंग एवं अन्य प्री-कंस्ट्रक्शन प्रक्रियाओं को समय रहते पूरा करने पर विशेष बल दिया, ताकि सभी योजनाएं बिना किसी अनावश्यक विलंब के पूर्ण हो सकें।